卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 90 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦7 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


## गोदाम में छापा मारकर कमिश्नर ने पकड़ी प्रतिबंधित पॉलीथीन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने रविवार को बनभूलपुरा क्षेत्र में प्रतिबंधित पॉलिथीन के एक गोदाम में औचक छापेमारी की, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह भी मौजूद रही। कमिश्नर ने यह कार्रवाई ख्वाजा मस्जिद के पास किदवई नगर में की । अचानक कमिश्नर की छापेमारी से गोदाम में हड़कम्प मच गया। गोदाम में भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन पकड़ी गई है। इस दौरान कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने मामले में गोदाम स्वामी के



खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये। बता दें उनके द्वारा यह निर्देश दिए गए हैं कि शहर में किसी भी तरह से प्रतिबंधित पॉलिथीन की बिक्री न की जाए। जो भी उसका इस्तेमाल करता है, उसके खिलाफ चालान की कार्रवाई की जायेगी। कमिश्नर ने मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की जहां भी ऐसे गोदाम पाए जाते हैं उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। मामले में गोदाम स्वामी के खिलाफ जुर्माने का आकलन किया जा रहा है। कमिश्नर की छापेमारी से शहर के व्यापारियों में हड़कम्प मचा है। कमिश्नर ने कहा है कि प्रतिबंधित पॉलीथीन बेचने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## अयोध्या में उत्तराखंड निवास निर्माण के लिए मिली जमीन

### मुख्यमंत्री ने दी 33 करोड़ की स्वीकृति

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या में उत्तराखंड निवास के लिए भूमि की मंजूरी दे दी है। यूपी आवास विकास परिषद ने दो भूखंडों की



खरीद के लिए धनराशि की डिमांड भेज दी है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 33 करोड़ की स्वीकृति भी दे दी है। सचिव (राज्य संपत्ति ) विनोद कुमार सुमन ने इसकी पुष्टि की है। बता दें कि प्रदेश सरकार ने अयोध्या के करीब चिन्हित स्थान पर दो भूखंडों का चयन किया था। एक भूखंड 3000 वर्ग फीट का और दूसरा 1700 वर्ग फीट का है। नगर विकास परिषद को ले आउट के हिसाब से भूखंडों की दरें संशोधित करनी थी। परिषद की ओर से राज्य सरकार को धनराशि की डिमांड प्राप्त हो गई। राज्य संपत्ति विभाग के सचिव ने कहा कि धनराशि की स्वीकृति सीएम कर चुके हैं। जल्द ही धनराशि भेज दी जाएगी।

## संदिग्ध हालातों में युवती ने गटका जहर ,मौत

काशीपुर( उद संवाददाता)। विषैला पदार्थ खाए एक युवती की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के शव का पोस्ट मार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटना को लेकर मृतक परिवार में नीम खामोशी बनी है। जानकारी के मुताबिक ग्राम मंगावाला, रोशनपुर जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी दिनेश सिंह की 21 वर्षीय पुत्री शिवांगी ने गत शनिवार को बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत गंभीर होने पर युवती को उपचार के लिए काशीपुर में मुरादाबाद



रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां शाम लगभग 6बजे जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए युवती ने दम तोड़ दिया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतका के शव को कब्जे में लेते हुए उसे पीएम हाउस भेज दिया जहां से पोस्ट मार्टम के बाद मृतका का शव परिजनों के हवाले कर दिया गया।खबर लिखे जाने तक घटना के सही कारणों का पता नहीं चल सका है। पॉइजनिंग की शिकार युवती की उपचार के दौरान हुई मौत के बाद परिजन (शेष पृष्ठ सातपर)

## बोर जलाशय की सड़क के लिए 18 करोड़ मंजूर

गदरपुर( उद संवाददाता)। गूलरभोज बौर जलाशय की 13 किलोमीटर खस्ताहाल रोड के लिए सिंचाई विभाग की ओर से 18 करोड़ का बजट पास हो गया है। बौर जलाशय गुलरभोज में रविवार को प्रेस वार्ता करते हुए क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे ने यह जानकारी दी है और सिंचाई विभाग को एक सप्ताह के भीतर टेंडर जारी करने के निर्देश भी दिए हैं वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार व्यक्त किया है उन्होंने बताया कि बौर जलाशय गूलरभोज पर आने वाले पर्यटनों को आवागमन के लिए खराब सड़क से गुजरने पर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था मेरे



द्वारा शासन को लिखित रूप में इसका प्रस्ताव बनाकर दिया गया था जिसमें सिंचाई विभाग द्वारा उक्त लगभग 13 किलोमीटर लंबी सड़क के लिए 18 करोड़ का बजट पास हो गया है जिसमें दलपुरा मंदिर से गूलरभोज बौर जलाशय तक और बोर जलाशय से गूलरभोज मैन रोड जोड़ने तक की लगभग 13 किलोमीटर की सड़के हैं जल्द ही विभाग द्वारा इसका टेंडर जारी करके कार्य शुरू कर दिया जाएगा इस दौरान गूलरभोज के पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि तरुण दुबे, हिमांशु सरकार, रवि पाल, रोहित सुदामा, सुरजीत सिंह सोनू, राकेश बंटी भुड्डी, सचिन बत्रा, अतुल पांडे, चंकित हुड़िया, हरिशंकर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवक पर चाकू से किया हमला, हालत गंभीर

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। एक युवक ने पैदल जा रहे दूसरे युवक के पर चाकू से हमला बोल दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोग उपचार के लिए चिकित्सालय ले गए जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने उसे निजी चिकित्सालय में रेफर कर दिया। घायल की बहन ने चाकू मारने वाले के खिलाफ मुखानी थाने में मुकदमा दर्ज किराया है। तहरीर में विनीता गढ़िया पुत्री इंद्र सिंह निवासी करायल जोलाशाल पोस्ट आनंदपुर ने कहा है कि 5 जनवरी की शाम करीब 9बजे उसका भाई विनोद सिंह गड़िया आरटीओ गुजर रहा था तभी वहां खड़े नरेंद्र मेहरा नामक युवक ने उसके भाई के ऊपर चाकू से प्रहार कर दिए जिससे उसका भाई वहीं गिर गया उसे मरा समझ कर नरेंद्र वहां से फरार हो गया स्थानीय लोगों ने घायल को कालाढूंगी रोड स्थित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे रेफर कर दिया। जिसका इलाज नैनीताल रोड स्थित एक निजी चिकित्सालय में चल रहा है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## अनियंत्रित वाहन खाई में गिरने से चार लोग घायल

नैनीताल( उद संवाददाता)। किलबरी मार्ग पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप अचानक देर रात वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। जिसमें चार लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि यूके 1800 030 गाड़ी मल्लीताल की ओर आ रही थी तभी वाहन खाई में जा गिरा। हॉस्टल के छात्रों ने आवाज सुनी तो दौड़ते बाहर आए। छात्रों और स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर



निकाल कर पुलिस को सूचना दी। तुरंत घटनास्थल में पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सक देवेंनिश ने बताया की एक युवक के सिर में चोट आई है वही तीन लोग मामूली घायल हुए है। जिन्हे उपचार देने के बाद छुट्टी दे दी। गनीमत रही की इस दौरान कोई जान मॉल की हानि नहीं हुई।

## ट्रक की टक्कर से युवक गंभीर

लालकुआं( उद संवाददाता)। राष्ट्रीय राजमार्ग में हाट बाजार के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एसटीएच हल्द्वानी भेजा गया है। पुलिस ने ट्रक को पकड़कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार यहां तहसील कार्यालय के पास साप्ताहिक हाट बाजार के सामने नेशनल हाईवे पर खड़े एक युवक के पांव के ऊपर हल्द्वानी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टायर चढ़ा दिया जिसके चलते युवक का पांव बुरी तरह कुचल गया । सूचना पर पहुंचे कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक डीआर वर्मा ने 108 से संपर्क किया, परंतु लालकुआं की 108 खराब होने के चलते मोटाहल्दु की 108 सेवा को बुलाया, इसी दौरान मौके पर पहुंचे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं के चिकित्साधिकारी डॉ लव पांडे ने उसके पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके पैर को बांधकर उसका प्राथमिक उपचार किया, इसके बाद घायल युवक को लालकुआं की 112 सेवा द्वारा चिकित्सालय को (शेष पृष्ठ सातपर)

## ..तो रुद्रपुर का 'वैलोड्रम' उत्तराखंड के किसी काम नहीं आएगा?

### वैलोड्रम में इस्तेमाल होने वाली साइकिल की कीमत एक से आठ लाख तक, महंगी होने के कारण साइकिल लेना खिलाड़ियों के बूते से बाहर, उत्तराखंड ओलंपिक संघ ने खड़े किए हाथ , सरकार के सहयोग के बिना राज्य के खिलाड़ियों का ट्रेक साइकलिंग प्रतियोगिता में भाग ले पाना मुश्किल

-अर्श-

रुद्रपुर। उत्तराखंड में इसी साल अक्टूबर –नवंबर माह में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेल की तैयारिया बड़े ही जोर शोर से आरंभ हो चुकी हैं और राज्य सरकार भी प्रस्तावित राष्ट्रीय खेलों को सफल बनाने के लिए अपनी ओर से कोई कोर कसर बाकी रखती नहीं दिख पड़ती, क्योंकि इस बड़े आयोजन की सफलता और असफलता ही प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रशासनिक कार्य कुशलता का सिक्का राष्ट्रीय स्तर पर जमाएगी। बावजूद इसके, उत्तराखंड के खिलाड़ियों का प्रस्तावित राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली ट्रेक साइकलिंग प्रतियोगिता में भाग ले पाना संदिग्ध है। वह इसलिए, क्योंकि ट्रेक साइकलिंग वैलोड्रम पर आयोजित की जाती है और वैलोड्रम पर आयोजित होने वाली साइकिलिंग प्रतियोगिता में एक खास किस्म की साइकिल का उपयोग किया जाता है, जिसकी कीमत वर्तमान में एक से लेकर 8 लाख रुपए तक है। बताना होगा कि सूबे के खिलाड़ियों की तैयारी एवं अभ्यास में सहयोग देने में जुटे उत्तराखंड ओलंपिक संघ ने भी



खिलाड़ियों को इतनी महंगी साइकिल उपलब्ध कराने को लेकर हाथ खड़े कर दिए हैं। ऐसे में ट्रेक साइकलिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों को ही स्वयं ही साइकिल की व्यवस्था करनी होगी। उसके बाद ही वह उपरोक्त प्रतियोगिता में हिस्सा ले पाएंगे और उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व कर पाएंगे। जिसकी की संभावना फिलहाल ना के बराबर ही दिख पड़ती है। लिहाजा अब यह सवाल उठने लगा है कि क्या उत्तराखंड , जिसे मेजबान होने के कारण ट्रेक साइकलिंग प्रतियोगिता में वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली है, की टीम इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले पाएगी भी अथवा नहीं ? गौरतलब है कि उत्तराखंड में प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों में साइकिलिंग के कई इवेंट आयोजित किए जाने हैं । इनमें ट्रैक साइकिलिंग भी शामिल है, जो की वैलोड्रम पर आयोजित होती है ।इसके लिए रुद्रपुर में 333.53 मीटर का वैलोड्रम भी खास तौर पर तैयार किया जा रहा है। मगर इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए ना तो राज्य के खिलाड़ी ही सामने आ रहे हैं और ना ही राज्य की टीम ही बन पा रही है।वह इसलिए( शेष पृष्ठ 7 पर)

# प्रदेश में बेरोजगारों से छिना जा रहा रोजगार : हरीश रावत






## देहरादून में कांगेस कार्यकर्ताओं के साथ निकाली पदयात्रा, रिक्त पदों पर भर्ती करने की मांग
## पूर्व सीएम कहा: प्रदेश की भाजपा सरकार किसान, महिला और नौजवानों की विरोधी भी है

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने बेरोजगारी खिलाफ देहरादून में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा निकालकर राज्य सरकार को निशाने पर लिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत देहरादून के घंटाघर स्थित राजीव गांधी काम्प्लेक्स से पार्क से गांधी पार्क तक पदयात्रा निकालकर निरंतर बढ़ती बेरोजगारी को लेकर राज्य की भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राजीव कॉम्प्लेक्स से गांधी पार्क तक पदयात्रा निकाली। गांधी पार्क में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य में भर्ती के नाम पर युवाओं से खिलवाड़ हुआ है। तमाम उद्योग बंद हो चुके हैं, जो हैं, उनमें भी कई बंदी की कगार पर हैं। कहा कि गन्ने का खरीद मूल्य भी घोषित नहीं हुआ। इसके विरोध में 11 जनवरी को लक्सर में किसान सम्मान यात्रा निकाली जाएगी। प्रदेश में बेरोजगारों को रोजगार देने के बजाए उनसे रोजगार छिना जा रहा है। 700 से ज्यादा उद्योग बंद हो चुके हैं तो कई बंदी की कगार पर हैं। वर्ष 2016 में जितने कर्मचारी बीएचईएल में थे, उसके एक चौथाई कर्मचारी भी बीएचईएल में नहीं है। पूर्व सीएम ने सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि गांधी की मूर्ति के सामने आएं और बताए कितने लोगों को भर्ती किया प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा, राज्य में जो सरकारी पद भरे गए, उनमें 67 प्रतिशत से ज्यादा पद और नियुक्तियां कांग्रेस में हुई। बेरोजगारों को रोजगार के मसले पर सरकार को चुनौती देते हैं कि सरकार गांधी की मूर्ति के सामने आए और बताए कि कितने लोगों को भर्ती किया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को भी नसीहत देते हुए कहा, यदि चाहते हो 2024 बदलाव का साल बने तो आपको अपने को बदला होगा, अपनी दिक्कतों को पीछे रखना होगा, आपस के झंझट हैं तो उसे बाहर रखना होगा। वहीं अपने संबोधन में करन माहरा ने कहा कि देशभर में आज महंगाई और बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है। उन्होंने मोदी सरकार में कार्पोरेट और इंडस्ट्रीयल सैक्टर बर्बादी




की कगारपर पहुंच गया है। पुरानी पेशन स्कीम बंद होने से हजारों परिवार संकट में आ गये है । अब भाजपा सरकार में व्याप्त जनविरोधी नीतियों से जनना को सावधान होना चाहिये। इस दौरान मीडिया से वार्ता करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि आज प्रदेश के बारोजगार युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। सरकारी पदों पर भर्तियों नहीं निकाली जारही है। सिर्फ भर्ती का ढकोसला हो रहा है। नाम मात्र की छोटी बड़ी भर्तियों के बल पर भाजपा सरकार गाल बजा रही है। सरकारी लगभग 93 हजार पदों में से पद विज्ञापित किये जा रहे है लेकिन किसी न किसी बहाने नियुक्तियों को रोका जा रहा है। सिडकुल की कई ईकाईयों में युवा बरोजगार हो रहे है। बीएचईएल जैसी संस्थाओं में 2016 में जितने कर्मचारी काम करते थे आज उससे कर्म लोग काम कर रहे है। पूर्व सीएम ने कहा कि आईडीपीएल और एचएमटी बंद कर दी गई है । उत्तराखंड में भाजपा की सरकार रोजगार विरोधी और नौजवान विरोधी है । उत्तराखंड की सरकार का अगर पहला धर्म अगर चारधामों को प्रणाम करना है तो दूसरा धर्म नौजवानों का ध्यान भी रखना होना चाहिये। सरकार ने नौजवानों के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि हम विपक्ष में है हमारी जिम्मेदारी नौजवानों के हितों की आवाज उठाकर उन्हें रोजगार दिलाना है। यह मेरी नौजवानों के समर्थन में सिर्फ सांकेतिक पदयात्रा है । पूर्व सीएम ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से अब इस अभियान को राज्यव्यापी मुहिम बनाकर जगह जगह प्रदर्शन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी महिला विरोधी और नौजवानों की विरोधी भी है। अब युवा विरोधी चेहरे को बेनकाब किया जायेगा। हमारे समय में स्पोर्ट्स कोटे की भर्तियों की नीतियों को बदला जा रहा है। आबकारी की भर्ती में बाहरी लोगों की भर्ती के लिए छूट को समाप्त कर दी गई है यह रवैया नौजवान विरोधी है। पूर्व सीएम ने कहा कि कांग्रेस देशभर के बेरोजगार नौजवानों के साथ खड़ी है। उत्तराखंड में हार्टीकलचर और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में घोटाले हो रहे है। इसकी उच्चस्तरीय जोच होनी चाहिये। पूर्व सीएम ने श्री राम मंदिर के निर्माण को लेकर कहा कि आस्था और राजनीति की जंग हो रही है हम निरंतर आस्था रखेंगे। हम अयोध्या जायेंगे लेकिन हम अपनी भावनाओं की तिथि पर लोगों के साथ रामलला के दर्शन करनेजायेगें। पूर्व सीएम ने कहा कि भू कानून के मुद्दे पर सरकार जनता को बरगलाने का काम कर रही है। जब तक ठोस भू कानून लागू नहीं होता उत्तराखंड की जमीन संस्कृति खतरे में है राज्य के हित सुरक्षित नहीं हो सकते है। इस दौरान पदयात्रा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी, हीरा सिंह बिष्ट, शूरवीर सिंह सजवान, महानगर अध्यक्ष डॉ जसविंदर सिंह गोगी, सुरेंद्र कुमार, रामयश सिंह, सतपाल ब्रह्मचारी, सुरेंद्र सिंह सजवाण, गोदावरी थापली, गरिमा दसौनी, शीशपाल बिष्ट, आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा, उर्मिला थापा, मथुरा दत्त जोशी आदि मौजूद रहे।




# महंत हरिगिरि महाराज को भारामल मंदिर परिसर में दी गई भू समाधि

## दोहरे हत्याकांड से लोगों में भारी आक्रोश, अंतिम संस्कार में डीएम एसएसपी सहित भारी संख्या में उमड़ी लोगों की भीड़







खटीमा(उद संवाददाता)। सीएम पुष्कर सिंह धामी के गृह क्षेत्र खटीमा स्थित बाबा भारामल मंदिर के पुजारी हरिगिरि महाराज व सेवक की बीते दिवस हुई निर्मम हत्या के बाद शनिवार को हरिगिरी महाराज को जूना अखाड़े के विधि विधान से विधिवत पूजा अर्चना के साथ गमगीन महौल में भू समाधि दी गई। वहीं महंत ही हत्या से संत समाज और क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। विभिन्न क्षेत्रों से खटीमा पहुंचे सभी लोगों ने हमले के पीछे भू माफियाओं की साजिश होने का अंदेशा जताया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से शीघ्र हत्यारों को पकड़कर फांसी की सजा देने की मांग की है। इससे पूर्व नगर स्थित निर्वाण कुटिया से उनकी अंतिम यात्रा शुरू हुई जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री पुरस्कार सिंह धामी की ओर से बाबा हरिगिरि महाराज के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र भेंट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री धामी द्वारा बाबा हरि गिरि की अकाल मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गई है। उन्होंने कहा कि पूरा तहसील परिवार भी इस हृदय विदारक घटना से बेहद दुखी है और गहरी संवेदना व्यक्त करता है। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, रमेश जोशी सहित भारी संख्या में लोगों ने पुष्प अर्पित कर अंतिम विदाई दी। इस दौरान यहां भारी संख्या में पुलिस बल के साथ ही वन विभाग की टीम जुटी रही। भारामल मंदिर परिसर तक निकली अंतिम यात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस बल साथ रहा। बाबा भारमल मंदिर के पुजारी हरि गिरि महाराज व सेवक रूप सिंह कि बीते दिवस हुई हत्या के बाद शुक्रवार रात्रि में ही दोनों का पैनल के साथ पोस्टमार्टम हुआ। इसके बाद पुलिस ने रूप सिंह का शव उनके परिजनों को सौंप दिया। जबकि बाबा हरिगिरी के पार्थिव शरीर को नगर स्थित निर्माण कुटिया में लोगों के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया जहां भारी संख्या में लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए। दोपहर करीब 12 बजे उनकी अंतिम यात्रा शुरू हुई जिसमें हजारों की संख्या में खटीमा, टनकपुर ,सितारगंज मझोला सहित विभिन्न प्रदेशों से आए श्रद्धालु और साधु संत शामिल हुए। उनकी अंतिम यात्रा बाबा भारामल मंदिर परिसर में पहुंची। मंदिर परिसर में जूना अखाड़े के विधि विधान और पूजा अर्चना के बाद बाबा हरि गिरि महाराज के पार्थिव शरीर को समाधि दी गई। इस दौरान उप जिलाधिकारी रविंद्र बिष्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से पुष्प चक्र अर्पित किया। बाबा भारामल मंदिर के सेवक रूप सिंह की हत्या के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया गया। जिनके परिजनों ने भारामल घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया सेवक रूप सिंह के पार्थिव शरीर को उनके चाचा महेंद्र सिंह ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। उपप्रभागीय वनाधिकारी सुचिता वर्मा के दिशा निर्देशन में सुरई रेंज के मध्य स्थित बाबा भारामल मंदिर को आने जाने वाले सभी मार्गों पर अनावश्यक आवाजाही को तबतक पूरी तरह से प्रतिवंधित रखा गया जबतक मंदिर के मुख्य पुजारी बाबा हरिगिरी को समाधि नही दे दी गई। वन विभाग की टीमें सुखी नहर रोड, सुरई रेंज फर्स्ट रो, इको टूरिज्म रोड, बग्गा चौवन से आने वाले मार्ग के साथ ही चुका से मंदिर को आने वाले मार्गो पर कड़ी निगरानी रखी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ ने कहा कि देर रात पोस्टमार्टम किया गया है। जो दो डॉक्टर के पैनल द्वारा किया गया है और उसकी वीडियो ग्राफी कराई गई है। बताया जा रहा है कि दोनों मृतकों के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें लगी थी। एसएसपी ने बताया कि हत्याकांड में शामिल अपराधियों की तलाश जारी है। पुलिस की दस टीमों को यूपी और खटीमा की सीमाओं पर सघन चैकिंग के लिए लगाया गया है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रूद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

# सिद्धेश्वर श्री बालाजी मंदिर में 18 को सजेगा भव्य दरबार

## वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में 17 जनवरी को निकाली जायेगी भव्य शोभा यात्रा



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आदर्श कालोनी स्थित सिद्धेश्वर श्री बालाजी मंदिर का वार्षिकोत्सव 18 जनवरी को धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर बालाजी महाराज का विशाल दरबार आयोजित होगा जिसमें जाने माने भजन गायक बालाजी महाराज का गुणगान करेंगे। इस मौके पर विशाल भण्डारा भी आयोजित होगा। जानकारी देते हुए सिद्धेश्वर श्री बालाजी मंदिर के महंत रमेश वशिष्ठ ने बताया कि गत वर्षों की तरह इस बार भी मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारी की जा रही हैं वार्षिकोत्सव 17 जनवरी को शोभा यात्रा के साथ शुरू होगा। 17 जनवरी की शम को शहर में भव्य झांकियों के साथ बालाजी महाराज की शोभा यात्रा निकाली जायेगी। 18 जनवरी की रात आठ बजे से श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजेगा। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक भजनों की प्रस्तुति देंगे। साथ ही विशाल भंडारा भी आयोजित होगा। अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर के उदघाटन के उपलक्ष्य में 22 जनवरी को भी मंदिर में विशाल भण्डारा आयोजित होगा। महंत रमेश वशिष्ठ ने शोभा यात्रा, दरबार एवं भंडारे में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# हल्द्वानी से लापता युवक जंगल में हाथ पैर बंधे हुए बेहोशी की हालत में बरामद

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नैनीताल जिले के दूरस्थ थाना क्षेत्र खनस्यू से 1 जनवरी से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता का हाथ पैर बंध हुए हालात में हल्द्वानी के टीपी नगर क्षेत्र के जंगल के सड़क के किनारे से बरामद हुआ है।पूरे मामले में पुलिस ने खनस्यू थाना में युवक की गुमशुदगी की दर्ज की थी लेकिन परिजनों ने अपहरण का आरोप लगाया है। शुक्रवार को लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने टीपी नगर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बेल बाबा मंदिर जंगल के किनारे युवक बेहोशी की हालत में बरामद किया और एसटीएच में भर्ती कराया पुलिस मामले की जांच में जुटी है।बताया जा रहा है कि नैनीताल जिले के ओखलकांड खनस्यू थाना निवासी 22 वर्षीय दीपक चंद्र कुड़ाई बीए प्रथम वर्ष का छात्र है परिजनों के मुताबिक बीती 1 जनवरी की सुबह दीपक घर का सामान लेने के लिए बाजार गया था देर तक न लौटने पर उसी रोज करीब 11 बजे दीपक की बहन ने फोन किया तो कुछ देर में लौटने की बात कही, लेकिन लौटा नहीं इस पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की परिजन लगातार फोन करते रहे और 2 जनवरी की दोपहर करीब साढ़े 3 बजे फोन स्विच ऑफ हो गया जिसके बाद पुलिस हरकत में आई पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की पुलिस को दीपक की लोकेशन रुद्रपुर मिली पुलिस इधर जांच में जुटी थी कि शनिवार को टीपीनगर पुलिस को किसी ने सूचना दी कि बेलबाबा स्थित जंगल के पास एक युवक पड़ा है जिसके हाथ और पैर बंधे हुए हैं आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को एसटीएच में भर्ती कराया यहां युवक की शिनाख्त लापता दीपक के रूप में हुई। जिसके बाद जांच के लिए खनस्यू से दरोगा भी मौके पर पहुंचे परिजनों का कहना है कि दीपक का अपहरण किया गया था लेकिन किसने किया यह नहीं पता। दीपक के हाथ और पैर में चोट और खरोंच के निशान हैं। दीपक का बड़ा भाई हल्द्वानी स्थित एक होटल में शेफ है उसने बताया कि चार जनवरी की रात करीब 11 बजे होटल के नंबर एक अंजान व्यक्ति का फोन आया उसने बताया कि दीपक उसके कब्जे में है उसने भरोसा दिया कि वह दीपक सुरक्षित है इसके बाद जिस नंबर से फोन आया वो भी स्विच ऑफ हो गया। बताया जा रहा है कि दीपक का उसके गांव के पास ही रहने वाली लड़की से प्रेम प्रसंग है ।लापता होने से पहले एक जनवरी को वह न सिर्फ लड़की से मिला बल्कि खनस्यू में ही एक एटीएम से चार हजार रुपये भी निकाले। बताया जाता है कि मामले में यह लड़की भी संदिग्ध है क्योंकि लड़की को भी चोट लगी है और परिजनों ने उसे भी इलाज के लिए एसटीएच में भर्ती कराया था। पुलिस ने मामले में लड़की के बयान भी दर्ज किए हैं। वहीं दीपक के परिजनों ने प्रेम-प्रसंग की जानकारी से इंकार किया है।

# डीजे पर चली गोली से युवक घायल, तीन गिरफ्तार

दिनेशपुर। पार्टी के दौरान डीजे पर बहस के बाद तमंचे से चली गोली में एक युवक घायल हो गया। सीओ तपेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। धर्मपुर रुद्रपुर निवासी अरमान जिंदल ने तहरीर में बताया कि 30 दिसंबर को थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव में वर्षांत की पार्टी चल रही थी। इस दौरान कुछ युवक डीजे पर तमंचे से फायरिंग कर रहे थे। उनके भाई अभिमन्यु ने इसका विरोध किया तो कुछ युवकों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। तमंचे से चली गोली अभिमन्यु के पैर में लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने वीरथ चौधरी, निवासी डिबडिबा, नमन शर्मा निवासी नैना पोस्ट भूररानी रुद्रपुर, जितेंद्र सिंह उर्फ जित्ता निवासी बिंदुखेड़ा थाना रुद्रपुर सहित अन्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। पुलिस ने केस दर्ज कर शनिवार को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट के आदेश पर जेल में दाखिल किया। आरोपियों के पास से 315 बोर का एक तमंचा और एक कारतूस भी बरामद किया गया है।

# नशा तस्कर बुआ को किया गिरफ्तार

जसपुर। पुलिस ने नशा तस्करी के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला के पास से प्रतिबंधित 200 कैप्सूल और 160 टैबलेट बरामद हुई हैं। कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को लीलावती निवासी मोहल्ला नत्था सिंह को गिरफ्तार किया गया। आरोपी महिला नशा करने वाले युवाओं के बीच बुआ के नाम से जानी जाती है। काफी समय से मोहल्ले के युवाओं को नशे के कैप्सूल टेबलेट इंजेक्शन एवं अन्य नशे का सामान उपलब्ध करा रही थीं। वह गांजा तस्करी में दो बार जेल भी जा चुकी है। महिला पर कच्ची शराब बेचने के कई केस दर्ज है।

# उत्तराखंड में बारिश-बर्फबारी का इंतजार, मैदानी क्षेत्रों में कोहरे का सितम

देहरादून। उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी का इंतजार अगले सप्ताह तक पूरा हो सकता है। नौ जनवरी को पर्वतीय इलाकों में बारिश-बर्फबारी होने से ठंड बढ़ने के आसार हैं। हालांकि बारिश होने से मैदानी इलाकों में कोहरे और गलन वाली ठंड से राहत मिलेगी। इससे पहले आज से अगले तीन दिन तक प्रदेश भर का मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र ने ऊधमसिंह नगर में घना कोहरा छाने का ऑरेंज और हरिद्वार जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। विंटर बारिश न होने और मैदानी इलाकों में कोहरा बीते लंबे समय से परेशान कर रह रहा है। ऐसे में नौ जनवरी के बाद बारिश होने के बाद कोहरे से राहत मिलने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने कहा, मौसम के पैटर्न में बदलाव देखने को मिल रहा है। बीते साल भी ऊंचाई वाले इलाकों में देरी से बर्फबारी देखने को मिली थी। इसका मुख्य कारण तापमान में बढ़ोतरी होना है। मौसम शुष्क रहने से दिन का तापमान बढ़ रहा है और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। बारिश होने के लिए बादल का बनना बहुत जरूरी है। लेकिन प्रदेश भर के किसी भी इलाकों में अभी बादल नहीं बन रहे हैं।लेकिन आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होने के आसार हैं।

# जनवरी महीने में हेमकुंड साहिब बना बर्फविहीन

चमोली। जनवरी महीने में जहां हेमकुंड साहिब में कई फीट तक बर्फ जमी रहती थी, लेकिन इस साल हेमकुंड साहिब के साथ ही आसपास की सभी चोटियां बर्फविहीन बनी हुई हैं। वहीं कड़ाके की ठंड के चलते पवित्र सरोवर पूरी तरह से जम चुका है। हेमकुंड साहिब के कपाट बंद होने के बाद गुरुद्वारे के सेवादार निरीक्षण



करने के लिए हेमकुंड साहिब पहुंचे। शनिवार को दल निरीक्षण के बाद गोविंदघाट लौट आया है। हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा के वरिष्ठ प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने बताया कि जनवरी महीने में इस समय हेमकुंड साहिब में करीब आधा फीट ही बर्फ है जबकि इस समय पूरा हेमकुंड साहिब बर्फ से ढका रहता था। आसपास की चोटियों में भी दूर-दूर तक बर्फ नजर नहीं आ रही है। ठंड अधिक होने से सरोवर पूरा जमा चुका है।

# मांगें न मानीं तो हड़ताल कर देंगे बाजपुर के पालिकाकार्मी

बाजपुर (उद संवाददाता)। माह दिसंबर 2023 का वेतन डीए व अन्य भत्तों सहित भुगतान पर्व की भांति करने समेत कई मांगों को लेकर नगरपालिका में कार्यरत कर्मचारीयों ने आंदोलन की राह पकड>ली है। अधिशासी अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर 48 घंटे के अंदर मांग पूरी नहीं होने की दशा में नौ जनवरी से कामबंद हड़ताल की चेतावनी दे डाली है। शनिवार को सायं करीब पांच बजे उत्तराखंड निकाय कर्मचारी महासंघ एवं स्वच्छकार सफाई कर्मचारी संघ शाखा बाजपुर (संयुक्त मोर्चा) से जुड़े कर्मचारीयों ने नगरपालिका सभागाार में बैठक कर अपनी समस्याओं पर चर्चा की। इसके बाद अधिशासी अधिकारी की गैर मोजूदगी में कार्यलय में मौजूद बाबू को ज्ञापन सौंपा। जिसमें नगरपालिका परिषद बाजपुर के अंतर्गत कार्यरत न्यूनतम वेतन पाने वाले कार्यालय एवं सफाई स्टाफ के 31 कार्मिकों को माह दिंसबर के वेतन का भुगतान डीए व अन्य भत्तों सहित पूर्व की भांति करने, कार्मिकों का वर्ष 2011 से 2019 तक का पीएफ अभिदान व नियोक्ता अंशदान सहित 24 प्रतिशत धनराशि एक मुस्त पीएफ खातों में जमा करवाने आदि की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में उत्तराखंड वाल्मीकि दलित समाज सुधार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि, स्वच्छकार सफाई कर्मचारी सघं के अध्यक्ष चरनजीत प्रेमी, उत्तराखंड निकाय कर्म महासंघ के अध्यक्ष सीताराम तिवारी, संजय धीमान, विनोद कुमार, मिल्ले, मुकेश, सुरेश, उमेश, राकेश आदि मौजूद थे।

# ट्रक चोरी की झूठी सूचना से मचा हड़कंप

गदरपुर(उद संवाददाता)। एक युवक द्वारा ट्रक चोरी की शिकायत थाने लेकर पहुंचा जिससे पुलिस में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की तो मामला कुछ निकला। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक युवक ने पिछले सप्ताह अपने ट्रक चोरी की एक तहरीर गदरपुर पुलिस को सौंपी थी। शिकायतकर्ता की निशान देही पर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे खंगालने पर मामला किसी और दिशा में जाता दिखाई दिया। बारीकी से जांच में पता चला खुद ट्रक स्वामी ट्रक को बेचने के षड्यंत्र में शामिल था और ट्रक को कहीं अन्य जगह बेच देने की बात सामने आई। पुलिस ने पूछताछ के लिए शिकायतकर्ता सहित कई लोगों को थाने तलब किया और मामले की जांच की। चर्चा है कि शिकायतकर्ता के साथ कुछ लोगों ने षड्यंत्र के तहत उस ट्रक को बेचकर और थाने में चोरी की शिकायत का प्लान बनाया था और पुलिस को भी इसमें उलझाने की कोशिश की लेकिन पुलिस की सूझबूझ से काफी हद तक मामला सुलझ गया और कहानी कुछ और नजर आई हालांकि मामले से जुड़े कुछ लोग अभी भी फरार बताए जा रहे हैं जिसमें पुलिस लगातार नजर बनाए हुए मामले की जांच कर रही है। थाना अध्यक्ष भुवन चंद्र जोशी का कहना है कि मामला संज्ञान में है खुद शिकायतकर्ता मामले में शामिल है जिसकी गहनता से जांच की जा रही है जल्द ही मामले का खुलासा होगा।

# दो माह बाद दर्ज हुई जेवरात चोरी की रिपोर्ट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ज्वैलर्स की दुकान से जेवरात चोरी के मामले में पुलिस ने दो माह बाद मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में कमल कुमार कक्के पुत्र अशोक कुमार ने बताया कि उनकी आर आर क्वार्टर में मां ज्वाला ज्वैलर्स के नाम से ज्वैलरी की दुकान हैं 4 नवम्बर को तीन अज्ञात महिलाएं दुकान में जेवरात खरीदने के लिए आई और इसी दौरान उन्होंने जेवरात से भरा डिब्बा चोरी कर लिया। पूरी घटना सीसी टीवी कैमरे में भी कैद हो गयी। मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने अब मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जनप्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

बाजपुर (उद संवाददाता)। त्रिस्तरीय पंचायत राज विभाग के अंतर्गत सतत विकास लक्ष्य विषय पर आधारित तीन दिवासीय ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) के प्रशिक्षण का शनिवार को समापन हो गया। विकास खंड सभागार में चल रहे प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर शशि भूषण बहुगुणा व ज्येति ने विभिन्न विभागों के रेखीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ही क्षेत्र पंचायत सदस्यों, जनप्रतिनिधियां समेत 50 से अधिक प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। जीपीडीपी योजना का उद्देश्य गांवो की निर्धनता को दूर करने के लिए आर्थिक, सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के साथ ही गांवों में होने वाले विकास कार्यो की पारदर्शिता को बनाए रखना है। प्रशिक्षण में बताई गई बातों को ध्यान में रखकर अपनी-अपनी पंचायत क्षेत्र में लागू करे, ताकि पंचायती राज व्यवस्था के तहत गांव का विकास पारदर्शी ढ़ग से हो सके। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख सरिता देवी, ब्लाक प्रमुख पति राजकुमार, बीडीओ मोजूद रहे।

# युवा दिवस पर अभाविप कराएगा मैराथन

खटीमा (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की बैठक में 12 जनवरी को युवा दिवस से होने वाली मैराथन समेत विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं को जिममेदारीया भी सौंपी गई। लोनिवि अतिथिग्रह में हुई बैठक में अभाविप के जिला संयोजक नीरज सिंह धामी ने बताया कि युवा दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम को अयोजित किए जायेंगे। 12 जनवरी को केआइटीएम कालेज से चटियाफार्म तक मैराथन होगी। इसके बाद 15 जनवरी को शहीद स्मारक पर नेकी की दीवार लगाई जाएगी। 16 जनवरी को संजय पार्क में सफाई अभियान और 18 जनवरी को ब्लाक सभागार में नृत्य प्रतियोगिता होगी। बैठक में दिया बिष्ट, हर्षित सिंह, नेहा पौखरिया, आकाश प्रभाकर, मुस्कान कुमारी नितिन सिंह, कशिश, प्रेरणा, असपाल, निखिल पांडे, महिमा, सुमित पाल, रिया बिष्ट आदि मौजूद थे।

# वाहन की चपेट में आने से तेंदुए की मौत

जसपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार रात वाहन की टक्कर से एक तेंदुए की मौत हो गई। वन कर्मियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शनिवार सुबह गूलरगोजी गांव के पास फोरलेन हाईवे पर एक तेंदुए का शव पड़ा मिला था। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के रेंजर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रेंजर देवेंद्र रजवार ने बताया कि तेंदुआ नर था और उसकी आयु लगभग पांच वर्ष होगी।

# घर-घर पहुंचकर पूजित अक्षत वितरित किए

बाजपुर (उद संवाददाता)। आयोध्या में श्रीराम मंदिर में संत महापुरूषों द्वारा पूजित अक्षत के साि ही पत्रक व श्रीराम मंदिन के चित्र वितरण के कार्य ने जोर पकड़ लिया है। युवाओं ने नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर दस्तक देकर पूजित अक्षत वितरित किए। इस दौरान युवा श्रीराम भक्तों को अपने घर की देहरी पर 22 जनवरी की शाम पांच दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाने का संदेश भी दे रहे हैं। सिंह कालोनी चकरपुर रोड स्थित निर्माणधीन सेवा प्रकल्प मां श्रीदक्षिणेश्वरी काली पीठ मन्दिर के मुख्य, पुजारी महंत विकासानंद महाराज की अगुवाई में युवाओं की टोली ने शिवाजी बस्ती में पूजित अक्षत वितरित किए। इस मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री आशीष ठाकुर, हरप्रीत सिंह पन्नू, गोविंद कंबोज, चन्द्रशेखर शुक्ला, रमेश पाल, शोभित कंबोज, सुमित ग्रोवर, व्योम कंबोज आदि मौजूद थे।





# 22 जनवरी को हम सब बनेंगे भगवान राम के भव्य और दिव्य मंदिर के साक्षी: धामी

## गुरूकुलम और आचार्यकुलम में बच्चों को शिक्षा के साथ ही संस्कार भी मिलेंगें


हरिद्वार(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वामी दर्शनानन्द गुरूकुल महाविद्यालय, हरिद्वार में आयोजित पतंजलि गुरूकुलम एवं आचार्यकुलम का भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती जी और स्वामी दर्शनानंद जी का प्राचीन गुरूकुल परंपरा को पुनर्जीवित करने में सबसे बड़ा योगदान रहा है। गुरूकुलम में बच्चों को शिक्षा के साथ ही संस्कार भी मिलेंगे, जिससे वो एक आदर्श नागरिक के रूप में समाज में अपना योगदान दे सकेंगे। व्यक्ति निर्माण से ही राष्ट्र निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को हम भगवान राम का भव्य और दिव्य मंदिर के साक्षी बनेंगे। केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम का सौंदर्यीकरण हमारी संस्कृति के



संरक्षण और संवर्धन का उदहारण है। सीएम ने कहा कि काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर के भव्य कॉरिडोर और उज्जैन में महाकाल लोक कॉरिडोर बनना, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम का सौंदर्यीकरण होना, इस बात का स्पष्ट संकेत है कि आज हमारे मंदिरों का ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति का भी संरक्षण और संवर्धन हो रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कहा कि रामभक्तों पर गोली चलाने वाले न तो मंदिर बनाते, न ही जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाते और न ही तीन तलाक हटा पाते। अब देवभूमि में समान आचार संहिता भी जल्द लागू की जाएगी। मातृशक्ति को मजबूत करने के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था भी की गई है। इस दौरान केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के सांस्कृतिक विकास में गुरुकुल की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। हम सांस्कृतिक संरक्षण के साथ सांस्कृतिक संवर्धन पर भी काम रहे हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यहां मायापुरी में आचार्य संदीपनी के आश्रम में श्रीकृष्ण ने 64 कला तथा 14 विद्याओं का अध्ययन किया था। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत जरूरी है। इस दौरान कार्यक्रम में केंद्रीय कानून मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल, योग गुरु स्वामी रामदेव, सांसद हरिद्वार डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, पूज्य लक्ष्मण गुरूजी, कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, पूर्व कैबिनेट मंत्री व नगर विधायक श्री मदन कौशिक के साथ ही अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अयोध्या में उत्तराखंड के भव्य राज्य अतिथि गृह के लिए भूमि आवंटित

देहरादून(उद संवाददाता)। अयोध्या में बनाए जा रहे भगवान राम के भव्य मंदिर के पास ही उत्तराखण्ड सरकार राज्य अतिथि गृह का निर्माण करेगी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के विशेष प्रयासों के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या में राज्य अतिथि गृह के लिए भूमि आवंटित कर दी है। अयोध्या में उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की ओर से कुल 4700.23 वर्ग मीटर भूमि उत्तराखंड के राज्य अतिथि गृह के लिए आवंटित की गई



है, जहां उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अतिथि गृह का निर्माण करेगी। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को नवनिर्मित मंदिर में राम लला के मूर्त रूप का प्राण प्रतिष्ठा किया जायेगा, जिसका उत्साह पूरे देश में देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरायणी मेला भी इसी थीम पर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि विगत दिनों मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने जनभावनाओं के अनुरूप अयोध्या में राम मंदिर के समीप उत्तराखण्ड सरकार का राज्य अतिथि गृह बनाने के लिए भू-खंड खरीद के प्रस्ताव को अनुमोदन दिया था, जिसके बाद राज्य संपत्ति विभाग की एक टीम ने अयोध्या में स्थलीय निरीक्षण किया था।

# प्रदेश में उत्पादन क्षेत्रों के आस पास ही प्रोसेसिंग और पैकेजिंग सेंटर तैयार किए जाएं

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को अंतर्रास्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाने के लिए बनाए गए अम्ब्रेला ब्राण्ड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने इस दौरान कहा कि प्रदेश के किसानों को उनके उत्पादों का अधिक से अधिक लाभ दिया जा सके और उनके उत्पादों को एक अच्छी ब्राण्डिंग और बाजार मिल सके इसके लिए सभी सम्बन्धित विभागों द्वारा लगातार प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि हाउस ऑफ हिमालयाज के लिए विश्वस्तरीय वेबसाईट तैयार की जाए, साथ ही मोबाइल ऐप भी तैयार किया जाए। किसानों से उत्पाद खरीदने के बाद वैल्यू एडिशन के लिए पूरे प्रदेश में उत्पादन क्षेत्रों के आस पास ही प्रोसेसिंग और पैकेजिंग सेंटर तैयार किए जाएं। उन्होंने कहा कि हाउस ऑफ हिमालयाज को विश्वस्तरीय ब्राण्ड बनाने के लिए सभी सम्बन्धित विभागों द्वारा अपने अंतर्गत उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सचिव श्रीमती राधिका झा एवं अपर सचिव श्री मनुज गोयल, श्री आनन्द स्वरूप सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# फिल्म निर्देशक अनुपम शर्मा ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में 'वन इन ए बिलियन' फिल्म के निर्देशक अनुपम शर्मा और कार्यकारी निर्माता बॉबी कैश ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को जाने माने देसी गायक, गीतकार और संगीतकार बॉबी कैश पर आधारित उनकी बायोपिक 'वन इन ए बिलियन' के बारे में अवगत कराया। यह फिल्म उत्तराखंड और ऑस्ट्रेलिया के पहले सह-निर्माण के रूप में बनाई जा रही है। बॉबी कैश एक भारतीय देसी गायक है, ऑस्ट्रेलिया में टैमवर्थ कंट्री म्यूजिक फेस्टिवल में उनके हिट डेब्यू के बाद दुनिया ने पहचाना। देहरादून में जन्मे बॉबी अपनी अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियों और भारत के एक देसी गायक के रूप में प्रतिष्ठित हैं। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता अनुपम शर्मा निर्देशक की भूमिका में होंगे। मूल रूप से देहरादून के रहने वाले अनुपम ने कई उच्च प्रोफाइल ऑस्ट्रेलियाई भारतीय प्रस्तुतियों का निर्देशन और निर्माण किया है। राज्यपाल ने उनकी फिल्म के लिए अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि इससे उत्तराखंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच फिल्म निर्माण के क्षेत्र में सहयोग बढ़ेगा।



# जनसुनवाई में मंडलायुक्त ने किया समस्याओं का निस्तारण

## जमरानी बांध डूब क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने दी अपनी आपत्तियां,अवैध प्लाटिंग पर होगी कार्यवाही
## शहर मे बाहरी लोगों द्वारा बिना सत्यापन के फेरी, रेहडी लगाने वालों का सत्यापन किया जाये

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जनसुनवाई में जमरानी बांध डूब क्षेत्र के दर्जनों लोगों के द्वारा आयुक्त दीपक रावत को आपत्तियां दी गई। लोगों द्वारा बताया गया कि उनकी भूमि ए श्रेणी में आती है तथा बी व सी श्रेणी में दर्शाया गया है साथ ही कुछ लोगों ने बताया कि उनका भाई ए श्रेणी में है जबकि उसी स्थान पर उनकी भी भूमि डूब क्षेत्र में है लेकिन बी श्रेणी में है। आयुक्त ने जमरानी बांध क्षेत्र के लोगों की प्रत्येक व्यक्ति की समस्या सुनी और कहा कि अपर जिलाधिकारी तथा जमरानी बांध परियोजना के अधिकारियों के सम्मुख वार्ता कर प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। जनसुनवाई कुछ मामले अवैध कालोनियां बनाकर प्लाटिंग के मामले आये। आयुक्त ने कहा कि बिना नक्शा पास कराये अवैध प्लाटिंग की जाती है तो सम्बन्धितों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। जनसुनवाई में शहर मे बाहरी लोगों द्वारा बिना सत्यापन के फेरी, रेहडी आदि लगाई जा रही है अनुचित है जिससे शहर में चोरी आदि घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने पुलिस महकमे के अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाहरी लोगों का सत्यापन नियमित किया जाए जिससे शहर में होने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। आयुक्त दीपक रावत की अध्यक्षता में शनिवार को कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में जनसुनवाई जनमानस की समस्याओं एवं शिकायतों का संज्ञान गंभीरता से लिया। जनसुनवाई में भूमि विवाद, विद्युत, पेंशन, अतिक्रमण, घरेलु समस्याओं के साथ ही अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद की आई। भूमि विवाद के मामलों में आयुक्त द्वारा क्रेता एवं विक्रेता दोनो पक्षों को बुलाकर समस्याओं का मौके पर समाधान किया। जनसुनवाई में आनसिंह रामडी निवासी कविता ने कहा कि उनके भवन में विद्युत विभाग द्वारा भवन में घरेलु मीटर लगाया गया है लेकिन मीटर की रिडिंग 6 माह से नही की गई तथा बिल बिना रिंडिग के दिया जा रहा है जो खपत से अधिक है। आयुक्त ने जनसुनवाई में अधिशासी अभियंता यूपीसीएल को तलब कर मौके पर समस्या का समाधान किया किया जिस पर फरियादी ने आयुक्त का धन्यवाद किया। विगत जनसुनवाई में रामसिंह द्वारा बताया गया कि मोतियापाथर में लोनिवि सडक में ठेकेदार जगदीश सिंह सिंगवाल के अधीन कार्य किया लेकिन 3 माह 15 दिन की मजदूरी का भुगतान नही किया गया। आयुक्त शनिवार को दोनो पक्षों को तलब कर ठेकेदार जगदीश सिंह से 3 माह 15 दिन का भुगतान रामसिंह को मौके पर दिलाया। जिस पर फरियादी ने आयुक्त का धन्यवाद किया। इसके साथ ही जनसुनवाई में ज्योति अवस्थी वृदांवन एन्क्लेव गैस गोदाम रोड कुसुमखेडा ने बताया कि उनके भवन में विद्युत विभाग द्वारा लाईन का कार्य किया जा रहा है लेकिन कुछ लोगों द्वारा आपत्तियां कर लाईन बिछाने के कार्य में अवरोध किया जा रहा है। आयुक्त ने यूपीसीएल के अधिशासी अभियंता को तलब कर जांच एक सप्ताह के भीतर निस्तारण करने के निर्देश दिये। ऐशबाग कालोनी निवासियों द्वारा बताया गया कि कालोनी के नाले में अतिक्रमण कर नाले पर स्लैब बना दिये है। उन्होने नाले को अतिक्रमण मुक्त कराने का अनुरोध किया। आयुक्त ने नगर निगम के अभिंयता को तलब कर स्थलीय निरीक्षण कर अतिक्रमण चिन्हिकरण कर एक सप्ताह के भीतर निस्तारण करने के निर्देश मौके पर दिये। जनसुनवाई में इंश्योरेंश कम्पनियों के द्वारा ठगी के मामले आये आयुक्त ने दोनो पक्षों को अगली जनसुनवाई में तलब किया। जनसुनवाई में अधिकांश मामले भूमि विवाद से सम्बन्धित आये जिनका आयुक्त ने मौके पर क्रेता एवं विक्रेता को तलब कर समस्याओं का निस्तारण किया।



# कार से टकराकर बाघ की मौत, बैंक मैनेजर घायल

## हल्द्वानी रोड पर संजय वन के पास हुआ हादसा

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। हल्द्वानी मार्ग पर संजय वन के पास शनिवार की देर सायं कार की टक्कर से बाघ की मौत हो गयी। जबकि कार चला रहे गदरपुर भारतीय स्टेट बैंक के चीफ मैनेजर हरिमोहन गर्ब्याल घायल हो गये। उन्हें हल्द्वानी के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक शाखा गदरपुर में चीफ मैनेजर पद पर कार्यरत हरिमोहन गर्ब्याल बैंक की डयूटी करने के बाद देर शाम कार से अपने घर हल्द्वानी जा रहे थे। घने कोहरे के चलते हल्द्वानी–रामपुर मार्ग संजय बन के पास अचानक एक बाघ सड़क से गुजरा और चीफ मैनेजर की कार उससे टकरा गयी । जिससे कार असंतुलित होकर सडक के किनारे जंगल की तरफ हो गयी। जब वहां से गुजरते लोगों ने देखा तो लोगों ने कार से चीफ मैनेजर को कार से निकाला। कार पेड़ से नहीं टकराई थी। लेकिन उसका आगे का हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गया था। कार के एयर बैग खुले हुए थे। घायल हरिमोहन ने बताया कि कार के आगे अचानक जानवर आ गया था। जिससे कार सड़क किनारे जंगल की और मुड़ गयी। इसी दौरान रुद्रपुर से डयूटी कर हल्द्वानी आ रहे एक पुलिकर्मी ने टॉच की मदद से आस पास देखा तो कार की साइड करीब 25 कदम दूर पर एक बाघ अचेत अवस्था में पड़ा था। उसकी सांसे थम चुकी थी। पुलिस और वन विभाग की टीम भी पहुंच गयी। हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस की मदद से घायल चीफ मैनेजर को हल्द्वानी में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस दुर्घटना की सूचना से बैंक कर्मियों एवं शुभचिन्तकों ने उनके शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की है। बता दें कि गदरपुर के चीफ मैनेजर ने पिछले दिनों मे ही गदरपुर में चार्ज ग्रहण किया था और वह अधिकांश दिन हल्द्वानी से कार से आया–जाया करते है। बताया जा रहा है कि बीच में घने कोहरे के कारण कुछ दिनों से घर नहीं गये थे। रविवार को अवकाश होने कारण वह घर जाने के लिए अपनी कार से निकले थे।

# शिवनगर में बसाये जायेंगे उजाड़े गये व्यापारी

## विधायक ने अधिकारियों के साथ चिन्हित भूमि का किया निरीक्षण

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। जी–20 समिट के दौरान राम मनोहर लोहिया मार्केट से उजाड़े गये व्यापारियों को पुनर्वासित करने के लिए चिन्हित भूमि का विधायक शिव अरोरा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उजाड़े टीम व व्यापारियों के साथ स्थलीय निरक्षण कर मौका मुआयना किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने अधिकारियों से वार्ता कर स्पष्ट कहा कि उक्त भूमि व्यापारियों के पुनर्वास हेतु उपयुक्त है और इस स्थान हेतु सभी की सहमति भी है जिसको देखते विकास प्राधिकरण ऑक्शन के माध्यम से दुकान एलॉट करेगा। साथ ही नीचे के हिस्से में वाहन पार्किंग की व्यवस्था रहेगी , चूंकि ट्रांजिट कैम्प मोड़ के पास से जाने वाले मार्ग को चौड़ीकरण हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। यह मार्ग माध्यम से शासन को भेजा जायेगा । उम्मीद है जल्द ही शासन से इस भूमि पर निर्माण हेतु आदेश होने के बाद इसके अस्तित्व में आने का रास्ता साफ होगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा हटाये गये व्यापारियों के साथ वह पहले दिन से खड़े





गये 100 से अधिक दुकानदारों को पुनर्वासित करने के लिए छह स्थानों को चिन्हित किया गया था। जिसमें से ट्रांजिट कैम्प मोड़ के पास शिवनगर में भू खण्ड पर सभी व्यापारियों के साथ सहमति बनी। जिसको लेकर विधायक शिव अरोरा ने उक्त भूमि का उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, तहसीलदार दिनेश व राजस्व की हुए तहसीलदार को कैम्प मोड़ स्थित भूमि पर व्यापारियों को बसाये जाने हेतु अगले तीन से चार दिनों में प्रस्ताव तैयार करने हेतु कहा जिसके बाद विकास प्राधिकरण उक्त भूमि का डिजाइन बनायेगा जिसमे 200 से अधिक दुकानों को बसाने की योजना है। जिसमे 100 से अधिक व्यापारी पुनर्वास वाले हैं और बाकी पर चौड़ा होने के बाद यहा जाम की समस्या खत्म हो जायेगी तो वही इन दुकानदार को भी इसका लाभ मिलेगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की सरकार सदैव व्यापारियों के साथ खड़ी है और उनकी आजीविका की चिंता हेतु उक्त भूमि को चिन्हित किया है और जल्द ही प्रस्ताव बनाकर जिला अधिकारी के हैं और उनके पुनर्वास के लिये वह देहरा दून तक स्वयं इस प्रस्ताव को पास कराने हेतु जो भी प्रयास होंगे वो करेगे। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, आशु ग्रोवर, मनोज मदान, शिवकुमार गंगवार, परवेज खान, जिला महामंत्री अमित नारग, सोनू वर्मा, विनोद ठुकराल, संदीप चावला, पवन गाबा, व अन्य मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद द्वारा किया गया गर्म वस्त्रों का वितरण

गदरपुर( उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा द्वारा गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कंबल, गर्म वस्त्र और जूतों का वितरण सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर के प्रांगण में तथा ग्राम कौशलपुर कॉलोनी में किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मां भारती और स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के पश्चात वंदे मातरम गीत



के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन गर्म वस्त्र वितरण प्रकल्प के शाखा संयोजक राजकुमार भुड्ड़ी, प्रवीण गिल्होत्रा एवं राकेश चावला शगोल्डीश द्वारा किया गया। इस दौरान सुभाष खुराना द्वारा 108 कंबलों का योगदान दिया गया, शाखाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार गगनेजा,सचिव प्रमोद बजाज,कोषाध्यक्ष संजीव अनेजा,महिला संयोजिका ज्योति ग्रोवर,प्रांतीय प्रकल्प संयोजक विनोद चुघ एवं दीपक सुधा, राजीव ग्रोवर,राकेश गगनेजा, सुनील भुसरी,डॉ. विनीत अरोरा,भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश खुराना,सनातन धर्म मंदिर कमेटी अध्यक्ष वेद राज बजाज,पुजारी पं,विजय शास्त्री,सोमनाथ छाबड़ा सहित अन्य शाखा सदस्य उपस्थित रहे।



# डीएम ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सीसीटीवी रूम का निरीक्षण किया और सहायक निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिये कि समय–समय पर सीसीटीवी फुटेज की



रिकार्डिंग चौक की जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखा जाय साथ ही सुरक्षा के सभी मानकों का पालन किया जाय। इस दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जीवन अध्यक्ष व लतेश महामंत्री बने

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अरुणोदय श्रीमती आनन्दी देवी रावत धर्मशाला दानशील न्यास की पुनर्गठन बैठक आयोजित की गई। जिसमे न्यास नियमावली के अनुसार उत्तरोत्तर अध्यक्ष की नियुक्ति की जाती है। द्विवार्षिक पुनर्गठन बैठक में आम सभा द्वारा सर्वसम्मति से आगामी दो वर्षों के लिए आजीवन न्यासी जीवन सिंह रावत को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। लतेश मोहन महामंत्री और मोहन बल्लभ जोशी कोषाध्यक्ष के पद का दायित्व संभालेंगे। इससे पूर्व अरुणोदय प्रार्थना के उपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह रौतेला ने सदस्यों का स्वागत



किया। महामंत्री बिपिन चन्द्र पाण्डे ने आम सभा की बैठक का संचालन करते हुए कार्यकारिणी द्वारा पारित महत्वपूर्ण प्रस्तावों को प्रस्तुत किया। बैठक में पुस्तकालय समिति का भी गठन किया गया। जिसमें डा.दीपा काण्डपाल, डा. शिवदत्त भगत, श्रीमती पुष्पलता जोशी, राजकुमार केसरवानी, लतेश मोहन शामिल हैं।

# पूजित अक्षत कलश की निकाली शोभा यात्रा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री तिरुपति बालाजी सेवा समिति अध्यक्ष हरीश मनराल बालाजी व स्वेता जोशी के नेतृत्व में भगवान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ अयोध्या से आये धर्माचार्य एवं पूज्य संतो द्वारा पूजित अक्षत कलश की शोभायात्रा निकाली गई। जो श्रीराम मन्दिर रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर तिकोनिया चौराहा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय को नमन कर, राजपुरा बस्ती, धोबीघाट, टनकपुर रोड, जवाहर नगर, बाल्मीकि बस्ती से होकर गुजरते हुए मन्दिर गोलचा कंपाउंड में



समाप्त हुई।शोभा यात्रा में जोगेन्दर रौतेला, रेनू अधिकारी, शांति भट्ट , अलका जीना, सयोजिका मुन्नी मनराल, अभिषेक मनराल, सुमित, दिनेश बोरा, बुद्धसेन, अर्जुन मौर्या, जगदीश बल्लभ, राम भरोसे, यशोदा बोरा, रवि बिष्ट, महेश कोली, संतोष गौड, परशुराम सहित अन्य सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। यात्रा में चल रहे प्रभु राम भक्तों का फूलों से भव्य स्वागत किया गया।



# नैनीताल में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम.वैंकेटेशन ने सुनी समस्यायें

नैनीताल(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष एम वैंकेटेशन शनिवार को नैनीताल में एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। शनिवार को उन्होंने हरिनगर का निरीक्षण और राज्य अतिथि गृह में नगर पालिका, निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ बैठक का आयोजन किया। हरिनगर में निरीक्षण के दौरान आउट सोर्स के कर्मचारियों ने बताया कि पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला, जिस पर अध्यक्ष डा. एम वैंकेटेशन ने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर सोमवार तक वेतन देने के निर्देश दिए। ष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष डा. एम वैंकेटेशन की अध्यक्षता में दोपहर में राज्य अतिथि गृह में बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें हल्द्वानी, नैनीताल, भवाली, लालकुआं से आए प्रतिनिधियों-कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें मुख्य रूप से वेतन, पेंशन, बीमा, स्वास्थ्य, उपनल सफाई कर्मचारियों को नियमित करने आदि के मुद्दे छाए रहे। अध्यक्ष डा. एम वैंकेटेशन ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों की ज्यादा समस्याएं नहीं हैं मुख्य रूप से आउट सोर्स, कांट्रेक्ट वर्करों को पीएफ, समय पर वेतन मान नहीं मिलने आदि की समस्या देखने को मिलती हैं, उन्होंने कहा कि सरकार से ठेका प्रथा समाप्त करने की बात की जा रही है।जिससे आउट सोर्स और कांट्रेक्ट वर्करों का पैसा सीधे खाते में आएगा। इस दौरान देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने राज्य में कार्यरत पर्यावरण मित्रों की समस्याओं से अवगत कराया। कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने स्थानीय निकायों सहित अन्य विभागों से सफाई कार्यों में ठेका प्रथा समाप्त करने, पर्यावरण मित्रों को कनिष्ठ सहायक,



पर्यावरण पर्यवेक्षक, निरीक्षक आदि पदों पर पदोन्नति का लाभ, मृतक आश्रितों को जिनके परिवार में सरकारी सेवकों को नियुक्ति देने, जीवन बीमा, स्वास्थ्य सेवा, धुलाई-टूल भत्ता में वृद्दि, मालिकाना हक, पर्यावरण मित्र पदनाम को संशोधित करते हुए सफाई देने की मांग की। जिस पर अध्यक्ष ने कहा कि कर्मचारियों की मांग को पूरा करने के लिए विभाग प्रयासरत है। इस दौरान एडीएम पी आर चौहान, नगर आयुक्त हल्द्वानी पंकज उपाध्याय, एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद समेत नगर पालिका, निगम समेत विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# रामनगर में पीएम जनमन कार्यक्रम के तहत बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया

रामनगर(उद संवाददाता)। जन जातीय मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पी0एम0-जनमन) कार्यक्रम के तहत शनिवार को राजकीय इण्टर कॉलेज थारी रामनगर में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जनजाति बाहुल्य गांवों पीपलसाना, राजपुर, वीरपुर, तारा, वीरपुर लच्छी कन्दला, थारी, बेरिया ललितपुर, कामदेवपुर, उदयपुर बैलजुड़ी ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि उक्त शिविर में लगभग 480 ग्रामीणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिनको केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। साथ ही आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पी0एम0 किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड, उज्जवला योजना एवं विभिन्न पेंशन योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार राजकीय प्राथमिक विद्यालय सावल्दे



पश्चिम में जनजाति बाहुल्य गांवों सावल्दे पश्चिम, लाजूपुर बॉसीटील के ग्रामीणों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। उक्त शिविर में लगभग 340 ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया गया। जिनको केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी साथ ही आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पी0एम0 किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड, उज्जवला योजना एवं विभिन्न पेंशन योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। शिविर में विधायक रामनगर दीवान सिंह बिष्ट, ब्लाक प्रमुख रेखा रावत, उपजिलाधिकारी राहुल शाह के साथ ही विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# व्यापार मण्डल अध्यक्ष की घोषणा का विरोध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा हाल ही में रूद्रपुर शहर को दो हिस्सों में विभाजित



कर बनाये गये नये अध्यक्ष का विरोध शुरू हो गया है। ट्रांजिट कैम्प के व्यापारियों ने इस फैसले का विरोध करते हुए निर्णय वापस लेने की मांग की है। ट्रांजिट कैम्प में आयोजित प्रेस वार्ता में संजीव गुप्ता ने कहा कि जिलाध्यक्ष द्वारा जो अध्यक्ष बनाया गया है उसमें भाई भतीजावाद की बू आ रही है। उन्होंने कहा कि ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र के लिए अध्यक्ष बस्तियों के बीच से बनाया जाना चाहिए न कि बाजार क्षेत्र से। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने इसका संज्ञान नहीं लिया तो नये अध्यक्ष के साथ साथ इसकी घोषणा करने वालों का भी पुरजोर विरोध किया जाएगा। संजीव गुप्ता का कहना है कि नये अध्यक्ष की घोषणा से पूर्व बस्तियों के व्यापारियों से कोई राय नहीं ली गयी और न ही उन्हें विश्वास में लिया गया। उन्होंने कहा कि जबरन थोपे गये अध्यक्ष को स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रेस वार्ता में मनोज गुप्ता, विकास बंसल, सुरेन्द्र गुप्ता, कमलदीप सोनकर, विकास आर्या, दीपक सागर, सुशील कुमार, मधु डे, पप्पू, विनय प्रकाश गुप्ता, अशोक शाहा, रागिनी मिश्रा, रोहित गुप्ता, राजीव कुमार आदि शामिल थे।

# रामकृष्ण सेवा आश्रम के संस्थापक स्वामी कृष्णकांत हुए ब्रम्हलीन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। ग्रामसभा बैकुंठपुर स्थित श्री रामकृष्ण सेवा आश्रम के संस्थापक रहे श्री कृष्णकांत महाराज का 96 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। स्वामी जी के निधन की खबर से उनके अनुयायियों मे शोक की लहर दौड़ उठी। सैकड़ों की तादाद मे उनके आवास पर क्षेत्रीय व बाहरी अनुयायी अंतिम दर्शन को पहुंचे। श्रीरामकृष्ण सेवा आश्रम मठ के श्री



श्री ब्रह्मचारी कृष्णानंद महाराज 96 वर्ष की आयु में ईश्वर में विलीन हुए। जीवन पर्यंत मां काली की प्रगाढ़ सेवा और उन्मुक्त भक्ति ,मानव सेवा,कल्याण एवम आध्यात्मिक गुरु के रूप में उन्होंने अपना जीवन समर्पित किया। मां काली के साधक के रूप में परम ख्याति प्राप्त महाराज जी ने 1956 में बैकुंठपुर में सेवा आश्रम मठ मंदिर की स्थापना की। साथ ही उन्होंने छात्र छात्राओं, विद्यार्थियों के लिए शिक्षण संस्थानों का भी निर्माण किया। वह तंत्र मंत्र विद्या में निपुण थे। परब्रह्म में लीन होते ही उनके शिष्य राम चंद्र राय ने श्रीमद् भगवद्गीता का पाठ किया एवं कीर्तन मंडली के साथ हरिनाम संकीर्तन किए।शोकाकुल मठ मिशन परिवार के हजारों लोगों ने अश्रु बहाए। शोक प्रकट करने वालो में राम चंद्र राय,जीवन विश्वास, रामकृष्ण बैरागी, सुकुमार मंडल,सुभाष सरकार,दीपांकर मंडल,सुभाष मजूमदार,किशोर पुजारी,अनिल दीवान,सुजीत गोलदार, परेश मंडल,विष्णु मंडल आदि मौजूद थे।




## पेज एक का शेष...

**तो रूद्रपुर का वैलोड्रम...**क्योंकि उत्तराखंड में अभी तक सिर्फ माउंटेन बाइकिंग के ही इवेंट होते रहे हैं । इसी तारतम्य में प्रदेश में माउंटेन बाइकिंग की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं भी आयोजित होती रहती है। मगर वैलोड्रम नहीं होने के कारण साइकिलिंग का इवेंट आज तक नहीं हो सका। यहां तक कि गोवा, केरल सहित अन्य जगहों पर हुए राष्ट्रीय खेलों में भी उत्तराखंड की साइकिलिंग टीम का दूर-दूर तक कहीं आता- पता तक नहीं था लेकिन मेजबान होने के कारण 38वें राष्ट्रीय खेलों में साइकिलिंग में वाइल्डकार्ड एंट्री उत्तराखंड को मिली है और इसी के दृष्टिगत रुद्रपुर के इकलौते स्टेडियम में वैलोड्रम भी तैयार किया जा रहा है। मगर बड़ा सवाल तो यह है कि यह वैलोड्रम उत्तराखंड के किसी काम आ पाएगा और क्या उत्तराखंड की टीम वाइल्ड कार्ड एंट्री का लाभ लेकर इस प्रतियोगिता में सम्मिलित हो भी सकेगी ?

**संदिग्ध हालातों में...**काफी देर तक पोस्टमार्टम न कराने की जद्दोजहद में लगे रहे लेकिन पुलिस के आगे उनकी एक नहीं चली। इसके बाद पीएम हाउस पहुंचे मृतका के संबंधी तथा परिजनों ने खबर को न छापने का भी दबाव बनाने का प्रयास किया। कुछ ने खुद को पत्रकार बताते हुए इस मामले को दबाने की बात कही।

**ट्रक की टक्कर से ..**रवाना किया गया। रास्ते में उसे 108 एंबुलेंस में स्थानांतरित करते हुए एसटीएच चिकित्सालय भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घायल युवक की हालत गंभीर बनी हुई है, युवक की पहचान 34 वर्षीय मान सिंह सागर पुत्र खीम सिंह के रूप में हुई है, वह नेशनल हाईवे के किनारे वार्ड नंबर 6 में बैग की दुकान के स्वामी का भाई है। सड़क पार करते हुए यह दर्दनाक हादसा हो गया। कोतवाल डीआर वर्मा के अनुसार दुर्घटना करने वाले ट्रक को पकड़ लिया गया है।

# सामाजिक स्तर पर महिलाओं की भूमिका मजबूत : धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड भाजपा महिला मोर्चा के सशक्त बहना सम्मेलन में वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की महिला समर्पित योजनाओं को प्रस्तुत कर मोदी



की गारंटी का नारा दीया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअली से महिलाओं को सम्मानित किया। सुभाष रोड स्थित लार्ड वेक्टेश्वर वेडिंग प्वांइट सभागार में शनिवार दोपहर को अयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठायाहै। प्रदेश के सुदूर क्षेत्र की महिलाओं के उन्नति के लिए कई तरह की योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी उत्तराखंड में लखपति दीदी योजना चला रही है। जिसका लाभ प्रदेश के सीमांत क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं को मिल रहा है। जिससे वह आर्थिक तौर पर सशक्त हो रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के नेतृत्व में केंन्द्र सरकार लगातार महिलाओं के उत्थान के लिए काम कर रही है। इससे नारी सशक्तीकरण का अभियान चरितार्थ हो रहा है। उन्होंने कहा कि नारी वंदन से महां महिलाओ की चुनाव में भागीदारी बढ़ रही है। वहीं राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक स्तर पर महिलाओं की भूमिका मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इसको लेकर सभी लोंगो में खासा उत्साह है। सैकड़ों साल के बाद यह दिन आया है। भजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिला सशक्तीकरण के अभियान को आगे बढ़ा रहे है। जिसकी वजह से महिलाएं न सिर्फ आर्थिक क्षेत्र बन्कि मैनेजमेंअ, आइटी, विज्ञान, खेल, के साथ आर्थिक और सामाजिक जैसे क्षेत्रौं में भी बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आश नौटियाल ने कहा कि केंन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाया जाएगा। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री दीप्ति भारद्वाज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं के आर्थिक समाजिक उत्थान को लेकर काम कर रहे है। कार्यक्रम में विधायक उमश शर्मा काऊ, विधायक विनोद चमोली, विधायक सविता कपूर, दून के निवर्तमान महापौर सुनील उनियाल गामा, भापजा पहिला मोर्चा की उपाध्यक्ष नहा जोशी आदि मौजूद रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सूर्या नाला के जल प्रवाह से लोगों को आवाजाही में खतरा

## डीएम वंदना ने चोरगलिया में जनसुनवाई कर स्थानीय लोग, प्रगतिशील काश्तकार ,स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ जनसंवाद,विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर दिये निर्देश





हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह चौहान ने शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया साथ ही जनसुनवाई कर ग्रामीणों की समस्याओं का भी निस्तारण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियो ंको दिये। साप्ताहिक भ्रमण/जनसुनवाई के अंतर्गत गौलापार मुख्य मोटर मार्ग (स्टेट हाईवे 41) पर वन विभाग अंतर्गत सूर्या नाला पुल के समीप रीवर ट्रेनिंग कार्य, शेर नाला पर प्रस्तावित सेतु, इंदरपुर और नयागांव कटान में जल जीवन मिशन अंतर्गत किए जा रहे कार्यों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चोरगलिया, मछली वन के समीप सिंचाई विभाग के नहर हेड बंधा कार्य, दुबैलबैरा में नंधौर नदी द्वारा हो रहे कटाव का स्थलीय निरीक्षण किया।इसके पश्चात उन्होंने प्रभात तारा स्कूल काठवास चोरगलिया में जनसुनवाई कर स्थानीय लोग, प्रगतिशील काश्तकार , स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ जनसंवाद क्षेत्रीय जन समस्याओं का निराकरण भी किया। जनसंवाद में मुख्य रूप से जल, पानी, सड़क, भू कटाव आदि के मुद्दे प्रमुखता से रखे गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि बरसात के मौसम में सूर्या नाला से अत्यधिक जल प्रवाह से लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही जनहानि, वनहानि, भू-क्षरण, भू-कटाव आदि के कारण स्थानीय लोगों को अत्यंत परेशानियां होती हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा स्टेट हाईवे 41 हल्द्वानी, काठगोदाम, चोरगलिया, सिडकुल, सितारगंज उत्तर प्रदेश आदि अन्य विभिन्न शहरों को आपस में जोड़ता है। जिसके समाधान के लिए जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग, वन विभाग, पीडब्ल्यूडी व रिवेन्यू डिपार्मेंट को संयुक्त रूप से ड्रोन फोटोग्राफी करते हुए सर्वे कराकर राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के अंतर्गत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। ग्राम इंद्रपुर में जल जीवन मिशन के कार्यों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईई जल संस्थान को उनके डिविजन (लालकुआं) में अब तक चालू नहीं हुई योजनाओं और लंबित कार्यों के संबंध में ठेकेदार को तीन दिन के भीतर कार्य शुरू करने के नोटिस देने के निर्देश दिए। नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि तीन दिन के भीतर कार्य शुरू नहीं होता तो संबंधित ठेकेदार की बॉन्ड अवधि को निरस्त करते हुए फिर से कार्य शुरू करने को कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही लालकुआं क्षेत्र में लंबित कार्य के साथ ही ऐसे योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने को बात कही,जो कार्य शुरू नहीं हुए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चोरगलिया के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीएमओ को मानसून अवधि में यानी जून से अगस्त तक क्षेत्रीय लोगों को आपात की स्थिति में स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से विशेष टीम तैनात रखने के निर्देश दिए। साथ ही अस्थाई रूप से कार्यरत चिकित्सक को वहीं तैनात करने हेतु निर्देशित किया। सीएमओ ने बताया कि आजकल लगभग 50 की ओपोडी रोज हो रही है। इसके साथ ही अस्पताल में समस्त जीवन रक्षक औषधि और वैक्सीन की उपलब्धता है। ग्रामीणों ने बताया कि अस्पताल में लैब भी संचालित हो रही है और चिकित्सक भी पूर्ण मनोयोग से मरीजों का उपचार करते है। चोरगलिया कैनाल सिस्टम में आ रही समस्या की जांच और स्थाई समाधान हेतु निरीक्षण के दौरान ईई सिंचाई को एक माह के भीतर कैनाल में आ रही समस्या और उसके समाधान हेतु डीपीआर उपलब्ध कराने की बात कही। बता दें कि चोरगलिया कैनाल सिस्टम से चोरगलिया क्षेत्र की लगभग 07 नहरों को पानी की आपूर्ति की जाती है। पाइप में सिल्ट के जमाव से लोगों को पूरा पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय आजीविका मिशन योजना के तहत विकास खंड हल्द्वानी की ग्राम पंचायत नया गांव की 03 और खनवाल कटान की 01 महिला को लखपति दीदी के रूप में सम्मानित किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत नया गांव कटान की 05 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को कुल 12 लाख की सीसीएल( बैंक लिंकेज) की धनराशि वितरित की गई। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग सितारगंज के अधिशासी अभियंता को क्षेत्र का रोस्टिंग चार्ट उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही कहा कि सुबह के समय रोस्टिंग के समय में बदलाव किया जाए। आमखेड़ा के देवपुर सनवाल के लोग ने बताया कि छोटी लाइन होने के कारण पानी का समस्या बनी हुई है। उन्होंने समस्या के निराकरण हेतु बगल बड़ी लाइन में पानी के नए कनेक्शन देने की मांग की। जिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिकारियों से जांच और समस्याओं को निस्तारण करने की बात कहे। मौके पर उपजिलाधिकारी हल्द्वानी परितोष वर्मा, सीएमओ डा भागीरथी जोशी, सीईओ जगमोहन सोनी, ईई लोनीवि अशोक चौधरी, सिंचाई बी सी नैनवाल, जल संस्थान नंद किशोर, डीडीओ गोपाल गिरी, एपीडी चन्दा राज, डीपीओ मुकुल चौधरी, और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# उत्तरायणी महोत्सव में कई कलाकार देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

## रूद्रपुर में दो दिवसीय उत्तरायणी महोत्सव १३ और १४ को हो आयोजित




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शैल सांस्कृतिक समिति (शैल परिषद)रुद्रपुर की कार्यकारिणी आजीवन सदस्य शैल महिला समिति के सदस्यों की संयुक्त बैठक गोपाल सिंह पटवाल की अध्यक्षता में शैल भवन कार्यालय में संपन्न हुई बैठक का संचालन एडवोकेट दिवाकर पांडे ने किया। बैठक में उत्तरायणी महोत्सव 2024 की तैयारियों पर विचार विमर्श हुआ। बैठक में तय किया गया कि उत्तरायणी महोत्सव 13 और 14 जनवरी 2024 को शैल परिसर में आयोजित होगा। बैठक में महोत्सव सफल आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में बताया गया कि 13 जनवरी को सुविख्यात कलाकार जितेंद्र तुमक्याल, बिशन हरियाला, आशा नेगी ,सीमा विश्वकर्मा ,देव मथेला, हास्य कलाकार लच्छू पहाड़ी व अन्य कलाकारों द्वारा पर्वतीय संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। 14 जनवरी को चयनित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। साथ ही व्याख्या जन जागृति संगीत एवं नाट्य एकेडमी खटीमा के कलाकारों द्वारा लोक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुति दी जाएगी। मेले के दोनों दिवसों पर पर्वतीय अंचल की प्रमुख पहचान छोलिया नृत्य की प्रस्तुति भी समाहित होगी। बच्चों के लिए मेले में झूले की विशेष व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा व्यापारिक स्टॉल पर्वतीय उत्पादन व पर्वतीय स्वादिष्ट व्यंजन भी मेला परिसर में उपलब्ध होंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 10 जनवरी 2024 को गांधी पार्क में आयोजित हो रहे सरस मेले के उद्घाटन हेतु मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के आगमन के अवसर पर विभिन्न संस्कृतियों की प्रस्तुति होनी है शैल परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ता इस अवसर पर उत्तराखंड की पारंपरिक वेशभूषा धारण करते हुए उत्तराखंड की संस्कृति की झलक दिखाते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का स्वागत करेंगे। बैठक में अध्यक्ष गोपाल सिंह पटवाल एवं महामंत्री एड0दिवाकर पाण्डे के अलावा कोषाध्यक्ष डी0के0दनाई,राजेन्द्र बोरा, दिनेश बम, कीर्ति निधि शर्मा, हरीश दनाई, सतीश ध्यानी,मोहन उपाध्याय, नरेन्द्र रावत, महेश काण्डपाल,संजीव बुधौरी, जगदीश बिष्ट,डी0 एस मेहरा,भाष्कर जोशी,के केमिश्रा,मनोज जोशी, त्रिभुवन जोशी,हेम पन्त,दिवान सिह बिष्ट, कल्पना रावत,चंदा बम,मीनू जोशी, विनीत पांडे,किरन बोहरा, गीता बिष्ट ,राधा बिष्ट ,नीलम काण्डपाल, कुमकुम उपाध्याय,ममता त्रिपाठी, सरिता उपाध्याय,हेमा पन्त आदि उपस्थित रहे।

# सूर्य मिशन की सफलता से भारत ने एक और नया इतिहास रचा : अजय भट्ट

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से आज मुख्यमंत्री आवास में केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्य से संबंधित विभिन्न समसामयिक विषयों पर मुख्यमंत्री से चर्चा की। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री



अजय भट्ट ने अंतरिक्ष में देश की एक और बड़ी उपलब्धि पर प्रधानमंत्री व देश के वैज्ञानिकों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने कहा कि शनिवार को अंतरिक्ष में भारत ने एक और नया इतिहास रचा है भारत का सूर्य मिशन आदित्य एल् 1 अपने लक्ष्य तक पहुंचने में कामयाब रहा। श्री भट्ट ने वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि भारत की पहली सौर वेधशाला आदित्य एल् 1 अपने गंतव्य तक पहुंच गई है। यह हमारे वैज्ञानिकों की अथक मेहनत का परिणाम है श्री भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश जल, थल, नभ हर क्षेत्र में नए इतिहास रच रहा है।

# सीएम धामी के रोड शो और जनसभा के लिये व्यवस्थाओं का विधायक शिव ने लिया जायजा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के रुद्रपुर 10 जनवरी को प्रस्तावित गल्ला मंडी से मुख्य बाजार होते हुए रोड शो व गांधी पार्क में नारी शक्ति वन्दन कार्यक्रम को का कार्य तेजी से चल रहा है प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्वागत हेतु समाज के सभी लोगो मे बेहद उत्सुकता है। विधायक शिव अरोरा ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गल्ला मंडी से किया जायेगा। इस दौरान विधायक शिव अरोरा पैदल भ्रमण कर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री का यह रोड शो जनसभा ऐतिहासिक होगा। इस दौरान जिला अधिकारी उदय



लेकर विधायक शिव अरोरा ने जिला अधिकारी उदय राज सिंह व प्रशासन की पूरी टीम के साथ गल्ला मंडी से लेकर मुख्य बाजार होते हुए गांधी पार्क तक पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओ व तैयारी का जायजा लिया । इस दौरान शिव अरोरा ने कहा कि गांधी पार्क में भी सौन्दर्यीकरण रोड शो करते हुए गांधी में आयोजित नारी शक्ति वन्दन कार्यक्रम में शामिल होंगे। रोड शो के दौरान उनके स्वागत हेतु पर्वतीय समाज, बंगाली समाज, पंजाबी समाज, पूर्वचल समाज के लोग अपने अपने परिधान में जगह जगह करेंगे। व्यापारी से लेकर धार्मिक संस्थाओ के द्वारा स्वागत राज सिंह, सीडीओ विशाल मिश्रा, एसडीएम मनीष बिष्ट, एमएनए नरेश दुर्गापाल, तहसीलदार दिनेश, पीडब्ल्यूडी जेई बसेड़ा ,पुलिस के अधिकारी सीओ सिटी अनुषा, सीपीयू अधिकारी राकेश बिष्ट व भाजपा जिला महामंत्री अमित नारग, व अन्य लोग मौजूद रहे।

# रूद्रपुर में नारी शक्ति वंदन महोत्सव के लिए सीडीओ ने दिये दिशा निर्देश

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आगामी 10 जनवरी से गांधी पार्क रुद्रपुर में आयोजित होने वाले सरस मेले (नारी शक्ति वंदन महोत्सव) की तैयारी हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस बैठक में नारी शक्ति वंदन महोत्सव को भव्य रूप से आयोजित करने हेतु उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिस अधिकारी को जो भी दायित्व सौंपा गया है, वह उसे पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागीय स्टालों को लगाए जाने एवं लोगों को लाभान्वित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में राज्य के मा0 मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गल्ला मंडी से गांधी पार्क तक रोड शो करेंगे तथा जनता का अभिवादन करेंगे। उन्होंने इस संबंध में विभिन्न विभागीय अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे। उन्होंने सभी नगर निकायों के अधिशाशी अधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरस मेले (नारी शक्ति वंदन महोत्सव) में प्रतिभाग करने वाली महिलाओं के लिए सभी तैयारियां समय से ही कर ली जाएं। बैठक में डीपी हिमांशु जोशी, ओसी गौरव पाण्डेय, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, विवेक राय, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिमवाल, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमाशंकर नेगी सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

